# आत्मसमर्पित नक्सलियों को शिक्षा, रोजगार और वित्तीय सहायता देगी छत्तीसगढ़ सरकार

**रायपुर**

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नक्सल क्षेत्रों में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से नक्सलवादी आत्मसमर्पण पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति 2025 लागू की है। इस नीति के अंतर्गत आत्मसमर्पण करने वाले सक्रिय ईनामी नक्सलियों और उनके परिवारजनों को शिक्षा, रोजगार एवं वित्तीय सहायता जैसी कई महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

**सरकारी सेवा में नियुक्ति का प्रावधान**

यदि किसी आत्मसमर्पित नक्सली ने नक्सलियों के विरुद्ध अभियान में पुलिस को विशेष सहयोग दिया है और इसके कारण उसकी जान व संपत्ति को खतरा उत्पन्न हुआ है, तो ऐसे प्रकरणों में उसे पुलिस विभाग के आरक्षक या समकक्ष पद पर नियुक्त किया जा सकेगा। अन्य विभागों में नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा आवश्यक होगी।

साथ ही, 5 लाख रूपए या उससे अधिक के ईनामी नक्सली के आत्मसमर्पण की स्थिति में, पात्रता रखने पर नक्सली अथवा उसके परिवार के किसी एक सदस्य को शासकीय सेवा में नियुक्ति का अवसर दिया जाएगा। यदि किसी कारणवश सेवा नहीं दी जा सकती, तो ऐसे आत्मसमर्पित को एकमुश्त 10 लाख की राशि सावधि जमा के रूप में दी जाएगी। यह राशि 3 वर्षों के अच्छे आचरण के पश्चात एकमुश्त हस्तांतरित की जाएगी।

**शिक्षा एवं छात्रवृत्ति की विशेष व्यवस्था**

छत्तीसगढ़ सरकार ने आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं उनके बच्चों की शिक्षा के लिए भी व्यापक प्रावधान किए हैं। बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक निःशुल्क एवं प्राथमिकता आधारित शिक्षा शासकीय एवं आवासीय विद्यालयों में दी जाएगी। छात्रावास की सुविधा आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा प्रदान की जाएगी। यदि आत्मसमर्पित नक्सली या उनके बच्चे निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ना चाहें, तो उन्हें शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आरक्षित सीट में प्रवेश एवं अनुदान राशि प्रदान की जाएगी।

इच्छुक आत्मसमर्पित स्वयं भी शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं, जिसके लिए संबंधित विभागों की योजनाओं के अंतर्गत सहायता दी जाएगी। यह नई नीति राज्य में शांति एवं विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी, बल्कि उनके परिवारजनों के भविष्य को भी सुरक्षित किया जा सकेगा।

## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने सुकमा में आत्मसमर्पित नक्सलियों से की चर्चा राज्य शासन की समस्त योजनाओं के लाभ दिलाने के दिए निर्देश



उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा शनिवार को सुकमा के एकदिवसीय दौरे पर पहुँचे। इस दौरान उन्होंने नक्सल पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया और आत्मसमर्पित नक्सलियों से मुलाकात कर उनके वर्तमान हालात, सरकार की पुनर्वास नीति तथा उनके अनुभवों के बारे में जानकारी ली।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में शांति स्थापना और सामाजिक समावेश की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों से संवाद करते हुए उनके पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार और समावेशन की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार उनके समुचित पुनर्वास हेतु प्रतिबद्ध है। शासन की ओर से सभी ज़रूरी दस्तावेज – राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आईडी और राजस्व संबंधी प्रमाणपत्र – बनाए जाएंगे।

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को लघुवनोपज आधारित प्रसंस्करण एवं कृषि संबंधित रोजगारमूलक प्रशिक्षण से जोड़ा जाए। उन्होंने पुनर्वास केंद्र में एक नियमित प्रशिक्षक (रेगुलर इंस्ट्रक्टर) की नियुक्ति तथा कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। साथ ही केंद्र में एक देवस्थली की स्थापना कर नियमित पूजा-अर्चना की व्यवस्था करने को भी कहा।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार पुनर्वास और विकास को लेकर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। आत्मसमर्पण करने वालों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी, बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी., पंचायत विभाग के विशेष सचिव तारण प्रकाश सिन्हा, डीआईजी कमलोचन कश्यप, सुकमा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण चव्हाण, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### वीजा बनवाने के नाम पर 19 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** लंदन में काम दिलवाने का झांसा देकर 5 लोगों से 19 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी समीर भीलावर 23 वर्ष होटल तारा संस गोत्री वडोदरा गुजरात का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सैफ मैनेजर विवेक सिंह ठाकुर ने 5 लोगों को काम करने के लिए लंदन जाने के लिए वीजा बनवाने के नाम पर कुल 19 लाख 29 हजार 202 रुपए ले लिया और वीजा पासपोर्ट ना बनवा कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पार्षद पति को 5 साल की क़ैद, पटवारी का तोड़ा था पैर

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर में पटवारी और आरआई से मारपीट करने के मामले में कोर्ट ने सुंदर नगर की पार्षद और मेंबर सरीता दुबे के पति आकाश दुबे को पांच साल की सजा सुनाई है। आकाश दुबे खुद भी भाजपा से पार्षद रह चुके हैं। मामला 2018 का है, असल में सुंदर नगर में एक जमीन के सीमांकन के दौरान हुए विवाद के बाद ब्राम्हणपारा के पार्षद आकाश दुबे ने आरआई राजेंद्र चंद्राकर की बेसबॉल के बैट से पिटाई कर दी थी। बचाव करते हुए आरआई ने भागने की कोशिश की। लेकिन आकाश दुबे ने उन्हें दौडक़र फिर पकड़ा लिया और जमकर पीटा। मारपीट में आरआई का हाथ फ्रैक्चर हो गया था। अफसरों की टीम पार्षद के करीबी की जमीन का सीमांकन करने गई थी। वे सीमांकन से संतुष्ट नहीं थे। नाराज होकर उन्होंने पार्षद को बुलवा लिया। उसी के बाद विवाद हुआ। पार्षद आकाश दूबे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया था।

### छत्तीसगढ़ को मिले 5 आईपीएस अफसर, संघ लोक सेवा आयोग ने 2023 में चयनित आईपीएस अफसरों को आवंटित किया कैडर

**रायपुर (आरएनएस)।** संघ लोक सेवा आयोग ने 2023 में चयनित आईपीएस अफसरों को कैडर आवंटित कर दिया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य को इस बैच से 5 नए अधिकारी मिले हैं। इनमें से दो – पूर्वा अग्रवाल और अनुषा पिल्लै को गृह राज्य छत्तीसगढ़ मिला है। तीन अधिकारी अन्य राज्यों से हैं, जिन्हें छत्तीसगढ़ कैडर आवंटित किया गया है। पूर्वा अग्रवाल, जिन्होंने ऑल इंडिया रैंक 189 हासिल की और अनुषा पिल्लै, जिन्होंने 202वीं रैंक प्राप्त की, उन्हें भी छत्तीसगढ़ कैडर आवंटित हुआ है। अनुषा पिल्लै, एसीएस रेणु पिल्लै और रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी संजय पिल्लै की बेटी हैं।अन्य तीनयश कांवत (रैंक 778), दिल्ली आदित्य कुमार (रैंक 861), उत्तर प्रदेश बनसोड़े प्रतीक दादासाहेब (रैंक 862), महाराष्ट्र के मूल निवासी हैं।

## सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई जाएगी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

- राज्य भर में आयोजित होंगे विशेष कार्यक्रम

**रायगढ़**



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों, जनपदों एवं ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सभी कलेक्टरों एवं जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर 14 अप्रैल को कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पंचायत राज दिवस (24 अप्रैल) में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र की जानकारी दी जाएगी। हर विकासखण्ड से चयनित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सीएससी-वीएलई सेवा प्रदाताओं के मध्य एमओयू (सहमति पत्र) की प्रक्रिया भी पूर्ण की जाएगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पंचायत एंबेसडर की भूमिका को और प्रभावी बनाने हेतु कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जहाँ एंबेसडर नियुक्त नहीं हैं, वहाँ उपयुक्त प्रतिनिधि का चयन कर उन्हें नियुक्त किया जाएगा। मोर दुआर साय सरकार विशेष पखवाड़ा (15 से 30 अप्रैल) के अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण कार्य की जानकारी लाभार्थियों तक पहुँचाने और योजना की पात्रता संबंधी जानकारी देने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। भूजल संरक्षण हेतु जनजागरूकता बढ़ाने और जल संरक्षण का संकल्प भी दिलाया जाएगा।

**जनसेवा के नायकों का सम्मान**

## कोतरारोड़ पुलिस ने किया स्वास्थ्य कर्मी, कोटवार और पुलिस मित्रों को सम्मानित

**रायगढ़**



जिले में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में जनसेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित करने की पहल लगातार जारी है। इसी कड़ी में कोतरारोड़ थाना, पूंजीपथरा थाना एवं खरसिया चौकी में आज एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन कर स्वास्थ्य कर्मियों, ग्राम कोटवारों, पुलिस मित्रों और सड़क दुर्घटना में तत्परता दिखाने वाले नागरिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

थाना कोतरारोड़ में आयोजित सम्मान समारोह के प्रथम चरण में डीएसपी सुशांतो बनर्जी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी ने उपस्थित ग्राम कोटवारों से नियमित रूप से थाना में उपस्थित रहने और अपने गांव में घटित हर गतिविधि की जानकारी पुलिस को देने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की सूचना तत्काल देकर घायलों की जान बचाने, स्वास्थ्य सेवा में निष्ठापूर्वक कार्य करने तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने वाले नागरिकों को जननायक बताते हुए उनका अभिनंदन किया। डीएसपी बनर्जी एवं निरीक्षक त्रिपाठी ने सभी विशिष्ट नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सम्मानित जननायकों में स्वास्थ्य कर्मी भावना ध्रुवे (उम्र 30 वर्ष, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नंदेली) को उनकी सेवा भावना के लिए सम्मानित किया गया। सड़क दुर्घटनाओं की त्वरित सूचना देकर जनहानि को रोकने में योगदान देने वाले नैमिष सारथी (उम्र 24, ग्राम बनहर) और जितेंद्र पटेल (उम्र 27, ग्राम ठाकुरपाली) को भी प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। ग्राम कोटवार की भूमिका में सतत सेवा और कानून व्यवस्था में सहयोग देने वाले कन्हैया लाल चौहान (उम्र 51, ग्राम उसरौट) और भारत लाल महंत (उम्र 37, ग्राम बघनपुर) को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

पुलिस मित्र के रूप में निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे नरसिंह पटेल (उम्र 35, पचेड़ा), विकास कुमार (उम्र 46, वार्ड क्रमांक 15 किरोड़ीमल नगर) और लक्ष्मी चंद्रा (उम्र 43, वार्ड क्रमांक 11 किरोड़ीमल नगर) को भी इस अवसर पर सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त सहित थाना कोतरारोड़ का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। पुलिस विभाग की यह पहल न केवल जनसेवा करने वालों का मनोबल बढ़ा रही है बल्कि समाज में सुरक्षा और सहभागिता की भावना को भी मजबूत कर रही है।

## “सुशासन तिहार” के तहत पूंजीपथरा पुलिस ने ग्राम तराईमाल में लगाया चौपाल, अवैध शराब की मिली शिकायतों पर लिया एक्शन

- अवैध शराब बेचने वाले तीन आरोपियों से 10-10 लीटर महुआ शराब जब्त, आबकारी एक्ट में भेजा जेल

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देश पर “सुशासन तिहार” कार्यक्रम के अंतर्गत जिलेभर में पुलिस अधिकारी ग्राम भ्रमण कर चलित थाना, जन चौपाल और जन शिकायत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान की पहल की जा रही है। इसी क्रम में आज पूंजीपथरा थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम तराईमाल में पुलिस चौपाल का आयोजन किया गया, जहां ग्रामीणों की शिकायतों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पूंजीपथरा पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध महुआ शराब जब्त की।

एडिशनल एसपी आकाश मरकाम और डीएसपी साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित बैठक के दौरान ग्रामीणों ने तराईमाल बाजार पारा निवासी धनेश राम उरांव, उरांव पारा निवासी रामलाल उरांव और ग्राम तराईमाल के जगदीश भगत के विरुद्ध अवैध शराब बिक्री की शिकायत की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर ही तीनों संदिग्धों के घरों में गवाहों की उपस्थिति में रेड कार्यवाही की, जहां से कुल 30 लीटर हाथ भट्ठी से बनी महुआ शराब बरामद की गई।

पुलिस ने धनेश उरांव (उम्र 47 वर्ष, निवासी बाजार पारा) के पास से 10 लीटर महुआ शराब, रामलाल उरांव (उम्र 47, उरांव पारा) के पास से 10 लीटर महुआ शराब, और जगदीश भगत (उम्र 35 वर्ष, ग्राम तराईमाल) से भी 10 लीटर महुआ शराब जब्त की, जिसकी कुल कीमत लगभग रु.3,000 है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध थाना पूंजीपथरा में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत पृथक-पृथक अपराध दर्ज किया गया है।

थाना प्रभारी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी धनेश उरांव के खिलाफ पूर्व में आबकारी अधिनियम के सात, विस्फोटक अधिनियम का एक मामला तथा अन्य प्रतिबंधात्मक कार्रवाई दर्ज है। वहीं रामलाल उरांव के विरुद्ध पूर्व में जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज पाया गया है। बार-बार अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर धनेश उरांव को गुंडा-बदमाश सूची में शामिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

इस रेड कार्रवाई में उप निरीक्षक विजय एक्का, सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार, प्रधान आरक्षक विनीत तिर्की व सतीश सिंह, आरक्षक विक्रम कुजूर, फिल्मोन लकड़ा, हेमसागर पटेल, नरेंद्र पैंकरा और महिला आरक्षक पुष्पा कुजूर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। “सुशासन तिहार” के अंतर्गत की गई यह त्वरित और ठोस कार्रवाई से ग्रामीणों में पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत करती दिख रही है।

## प्रकाश इंडस्ट्रीज के स्टील प्लांट के फर्नेस में ब्लास्ट : 13 मजदूर बुरी तरह से झुलसे

**जांजगीर-चांपा । आरएनएस**



प्रकाश इंडस्ट्रीज के स्टील प्लांट में फर्नेस ब्लास्ट होने से 13 मजदूर बुरी तरह से झुलस गए हैं। बताया जाता है कि अधिकांश मजदूरों की हालत नाज़ुक बनी हुई है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार मजदूर करीब 70 प्रतिशत तक झुलस गए हैं। इनमें से 4 की हालत गंभीर है। 3 मजदूरों को रायपुर के नारायणा अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है। घटना चांपा थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार सभी मजदूर दूसरी शिफ्ट में काम कर रहे थे, तभी ब्लास्ट के दौरान गर्म लावा की चपेट में आ गए। हादसे में मजदूरों की चमड़ी तक उधड़ गई है। जांजगीर एसपी के अनुसार ब्लास्ट कैसे हुआ, इसका पता नहीं चल पाया है जांच जारी है। शनिवार को करीब 4 बजे 15 टन के ओल्ड फर्नेस में डोलोमाइट स्टोन को पिघलाया जा रहा था। फर्नेस से पिघले हुए लावा को सेप देकर स्टील बनाया जाता है। ओल्ड फर्नेस में पहले से ही समस्या थी। साथ ही उसी फर्नेस में मेंटेनेंस का भी काम चल रहा था, तभी अचानक धमाका हो गया। इस ब्लास्ट से मजदूर बुरी तरह से जख्मी हो गए। खौलते लावा की चपेट में आने से किसी के हाथ, तो किसी के पैर और शरीर के अन्य हिस्सों से चमड़ी तक उधड़ गई है। मजदूरों को ज्यादा जल जाने की वजह से बिलासपुर और रायपुर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## युवाओं के साथ ‘जय भीम पदयात्रा’ में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

- ‘पंचतीर्थ’ और संविधान दिवस से नई पीढ़ी बाबा साहब से ले रही है प्रेरणा: मुख्यमंत्री
- प्रिएम्बल वाल पर हस्ताक्षर कर संविधान की मूल भावना के प्रति जताई प्रतिबद्धता
- मुख्यमंत्री ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

**रायपुर**




भारत का संविधान हर नागरिक के लिए पवित्र ग्रंथ है, जो हमें गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार देता है। हमारा विशाल लोकतंत्र संविधान की मजबूत नींव पर खड़ा है और बाबा साहब इस ग्रंथ के शिल्पकार थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब से ‘जय भीम पदयात्रा’ का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।

**मुख्यमंत्री युवाओं के साथ हुए पदयात्रा में शामिल**

मुख्यमंत्री स्वयं इस पदयात्रा में युवाओं के साथ शामिल हुए और पदयात्रा के अंतिम पड़ाव में अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और संविधान की मूल भावना के प्रति निष्ठा और प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए प्रिएम्बल वाल पर अपने हस्ताक्षर किए। उल्लेखनीय है कि ‘जय भीम पदयात्रा’ का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

**बाबा साहब की दूरदर्शिता को बताया लोकतंत्र की नींव**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मध्यप्रदेश के मऊ में जन्म लेकर कठिन संघर्षों के बाद बाबा साहब ने उच्च शिक्षा प्राप्त की और भारत जैसे विशाल लोकतंत्र को एक समावेशी और शक्तिशाली संविधान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को ‘पंचतीर्थ’ के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है, जिससे नई पीढ़ी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके। साथ ही संविधान दिवस की घोषणा कर देशवासियों को संविधान के प्रति समर्पण का संदेश दिया है।

**लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण**

श्री साय ने कहा कि बाबा साहब की दूरदर्शिता की वजह से आज भारत जैसा विशाल देश अपने लोकतांत्रिक मूल्यों को लगातार समृद्ध कर रहा है, वहीं भारत के साथ आज़ाद हुए अन्य देश लोकतंत्र को साथ लेकर नहीं चल पाए। उन्होंने युवाओं से भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और उन्हें मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उनके अगुवाई में ही देश के संविधान का निर्माण किया गया। उनके आदर्शों एवं बताए गए रास्तों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

**युवाओं को किया गया सम्मानित**

इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले युवाओं को मुख्य मंच से सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक खुशवंत साहेब, विधायक अनुज शर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप सहित बड़ी संख्या में युवा, स्कूली बच्चे और आमजन उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480